| Date of Inspection of property | EMD Last Date | Date/ Time of E-Auction |
|---|---|---|
| 20-June-2025 1100 hrs -1400 hrs. | 24-June-2025 till 5 pm. | 26-June-2025 1100 hrs-1300 hrs. |

**Mode of Payment :-** EMD payments are to be made vide online mode only. To make payments you have tovisit **https://www.iiflonehome.com** and pay through link available for the property/ Secured Asset only. **Note:** Payment link for each property/ Secured Asset is different. Ensure you are using link of the property/ Secured Asset you intend to buy vide public auction. **For Balance Payment - Login https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount." Important Information: This auction is published basis possession vide Sec 13 (4) of SARFAESI Act. Physical possession will be offered post receiving of Section -14 order as per process laid down under SARFAESI Act and as and when physical possession will be taken. Bidder shall do necessary due-diligence in respect of documents and legality before participating in auction proceedings**

**TERMS AND CONDITIONS:-**

1. For participating in e-auction, Intending bidders required to register their details with the Service Provider **https://www. iiflonehome.com** well in advance and has to create the login account, login ID and password. Intending bidders have to submit / send their "Tender FORM" along with the payment details towards EMD, copy of the KYC and PAN card at the above mentioned Branch Office.
2. The bidders shall improve their offer in multiple of amount mentioned under the column "Bid Increase Amount". In case bid is placed in the last 5 minutes of the closing time of the auction, the closing time will automatically get extended for 5 minutes.
3. The successful bidder should deposit 25% of the bid amount (after adjusting EMD) within 24 hours of the acceptance of bid price by the AO and the balance 75% of the bid amount within 15 days from the date of confirmation of sale by the secured creditor. All deposit and payment shall be in the prescribed mode of payment.
4. The purchaser has to bear the cess, applicable stamp duty, fees, and any other statutory dues or other dues like municipal tax, electricity charges, land and all other incidental costs, charges including all taxes and rates outgoings relating to the property.
5. The purchaser has to pay TDS application to the transaction/payment of sale amount and submit the TDS certificate with IIFL HFL.
6. **Bidders are advised to go through the website https: //www.iiflonehome.com and https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction for detailed terms and conditions of auction sale & auction application form before submitting their Bids for taking part in the e-auction sale proceedings.**
7. **For details, help procedure and online training on e-auction prospective bidders may contact the service provider E mail ID:- care@iiflonehome.com, Support Helpline Numbers:@1800 2672 499.**
8. **For any query related to Property details, Inspection of Property and Online bid etc. call IIFL HFL toll free no. 1800 2672 499 from 09:30 hrs to 18:00 hrs between Monday to Friday or write to email:- care@iiflonehome.com**
9. Notice is hereby given to above said borrowers to collect the household articles, which were lying in the secured asset at the time of taking physical possession within 7 days, otherwise IIFL-HFL shall not be responsible for any loss of property under the circumstances.
10. Further the notice is hereby given to the Borrower/s, that in case they fail to collect the above said articles same shall be sold in accordance with Law.
11. In case of default in payment at any stage by the successful bidder / auction purchaser within the above stipulated time, the sale will be cancelled and the amount already paid will be forfeited (including EMD) and the property will be again put to sale.
12. AO reserves the rights to postpone/cancel or vary the terms and condition of tender/auction without assigning any reason thereof. In case of any dispute in tender/Auction, the decision of AO of IIFL-HFL will be final.

**15 DAYS SALE NOTICE UNDER THE RULE 9 SUB RULE (1) OF SARFAESI ACT, 2002**

The Borrower are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with upto dated interest and ancillary expenses before the date of Tender/Auction, failing which the property will be auctioned/sold and balance dues if any will be recovered with interest and cost.

**Place:- Sehore , Date: 09-06-2025** **Sd/- Authorised Officer, IIFL Home Finance Limited.**

BIHAR POLLS | Making it clear the he was not aspiring for CM's post, all eyes on Chirag as 'dark horse'

# Paswan clan's 'chirag' in poll fray; evades naming seat

**Dheeraj Kumar**

PATNA



Finally, LJP (RV) chief and Union minister Chirag Paswan cleared the air on Sunday after he declared that he would contest the upcoming Bihar assembly elections but skipped naming his constituency.

Sounding the poll bugle at his party-sponsored 'Nav Sankalp Mahasabha' organised in Ara, Chirag said, "Yes... I will contest elections from Bihar for the people of Bihar. I will contest polls from all 243 seats of Bihar to strengthen the NDA in the assembly election. People of Bihar will decide from which seat I should contest the election from."

"After losing my father, my own people (former Union minister and his uncle Pashupati Kumar Paras ousted me from my house. Now, people of Bihar are my family," he remarked. Speculations are rife that Chirag will contest the election from the state`s Shahabad region, considered as a tough electoral terrain for NDA.

Chirag asserted that he would realise the dreams of his father, and work for 'Bihar First, Bihari First'. "I will not rest until I make Bihar a developed state," he contended. Chirag had released the election manifesto of his party, named 'Bihar First Bihari First' for the 2020 Bihar assembly election.

**ATTACKING RJD, CONGRESS:** While upping his ante against RJD and Congress, he said, "Jungle Raj" was not only during the RJD`s 15-year rule, but it prevailed during 10-year rule of Congress. So, Bihar suffered jungle raj for 25 years." He said that it was Congress which had dethroned the Karpoori Thakur government in 1980.

Chirag said that Bihar was making tremendous progress under the double engine government, and also heaped praise on Prime Minister Narendra Modi and chief minister Nitish Kumar for taking various initiatives for the state`s growth. He has already made it clear that he is not aspiring for the post of chief minister. He contended that his decision to contest election from an unreserved seat should not be construed as his ambition for the CM chair.

**THE POLITICAL CLOUT:** Chirag's father Ram Vilas Paswan, passed away in 2020. He was a minister with as many as six Prime Ministers, including Narendra Modi.

Paswan won from Hajipur eight times between 1977 and 2014. In 1977 and 1980, he won on a Janata Party ticket. In 1977, he registered a Guinness World Record by winning the election from Hajipur with a margin of 4.24 lakh votes, the maximum margin by any politician in the world. This record was, however, broken by PV Narasimha Rao when he won from the Nandyal constituency in Andhra Pradesh in 1991 by five lakh votes. Chirag`s mother, Reena Paswan, is Paswan`s second wife.

**CHIRAG A DARK HORSE?:** As Bihar chief minister Nitish Kumar has lost much of his political sheen due to his health complications, and Bihar BJP is also bereft of any very strong leader, Chirag has a fair chance to emerge as a towering leader to fill his slot. It all depends on how LJP performs in Bihar polls and whether it would be able to repeat its performance in the Lok Sabha election, remarked a political analyst Indrajit Singh.

### 'Constitutional bodies hijacked under Modi govt'

**PATNA:** Backing Congress leader Rahul Gandhi`s Maharashtra 'match-fixing claims', RJD leader Tejashwi Yadav on Sunday accused Narendra Modi government of "hijacking" constitutional bodies such as the Election Commission and claimed that BJP had information about poll schedules even before their announcement. Tejashwi told newspersons that the Election Commission delayed declaring results in Bihar`s last assembly election at the last moments, and finally NDA leaders were declared victorious with his party`s candidates losing elections by a slender margin, as low as even by 12 votes.

## Mahua, Pinaki dance to 'Raat Ke Humsafar'



A video of TMC MP Mahua Moitra and BJD leader Pinaki Misra dancing to the old Bollywood classic "Raat Ke Humsafar" has gone viral on social media, offering a glimpse into their recent low-key wedding celebration. The couple tied the knot in a quiet ceremony in Germany's Berlin, on May 3. In the now widely circulated video, the newlyweds are seen sharing a light moment as they sway to the romantic number from the 1967 film 'An Evening in Paris'. The clip has since sparked a wave of congratulations from political colleagues and well-wishers, many remarking on the unexpected but heartwarming pairing.

## Teen's electrocution sparks political slugfest in poll-bound Nilambur

**PTI**

MALAPPURAM (KERALA)

With just days to go for the crucial Nilambur assembly bypoll, the tragic electrocution of a teenager from an illegal wild boar trap in this district has triggered a political storm in Kerala on Sunday.

Ananthu alias Jithu, a Class 10 student, died after coming into contact with a live wire from an electric fence set up illegally on a private land to trap wild boars at Vazhikadavu here on Saturday. Though locals rushed them to hospital, Jithu was declared brought dead. Two others were critically injured, authorities said.

Police on Sunday confirmed that a resident, Vineesh, laid the trap to catch wild boars and he was arrested under charges of culpable homicide not amounting to murder. The death of the teenager, however, sparked tension and ignited a political row, with the ruling LDF and opposition UDF tradeing charges over the incident.


**FORM A**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

**FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF ASIAN BUSINESS CONNECTIONS PRIVATE LIMITED (IN CIRP)**

**RELEVANT PARTICULARS**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Corporate Debtor | Asian Business Connections Private Limited |
| 2 | Date of incorporation of corporate debtor | 13/11/2009 |
| 3 | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies, Gwalior |
| 4 | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | U51109MP2009PTC022634 |
| 5 | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | **Registered Office:** FM-18 Mansarovar Complex, 7 No Stop Shivaji Nagar, Bhopal, Bhopal, Madhya Pradesh, India, 462016<br>**Principal Office:** Carnival House, Nr Dindoshi Fire Station, Gen A. K Vaidya Marg, Off Western Express Highway, Malad E, Mumbai, Maharashtra, India, 400097 |
| 6 | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 03/06/2025 (The said copy of order was received on 06/06/2025). |
| 7 | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 30/11/2025 (180 days from the Insolvency Commencement date i.e. 03/06/2025) |
| 8 | Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional | Mr. Sunit Jagdishchandra Shah Registration No: IBBI/IPA-001/IP-P00471/ 2017-2018/10814 |
| 9 | Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board | 801-802, Eight Floor, Abhijeet –1, Opp Bhuj Mercantile Bank, Mithakhali Six Roads, Navrangpura, Ahmedabad, Gujarat, 380006 Email: sunit78@gmail.com |
| 10 | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | 801-802, Eight Floor, Abhijeet –1, Opp Bhuj Mercantile Bank, Mithakhali Six Roads, Navrangpura, Ahmedabad, Gujarat, 380006 Email: cirp.abcpl@gmail.com |
| 11 | Last date for submission of claims | 20/06/2025(14th day from the date of obtaining order i.e. 06/06/2025) |
| 12 | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | Name the class (es): **NIL** |
| 13 | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class) | Not Applicable |
| 14 | (a) Relevant Forms and<br>(b) Details of authorized representatives are available at: | (a) https://ibbi.gov.in/en/home/downloads<br>(b) NA |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal has ordered the commencement of a corporate insolvency resolution process of the **Asian Business Connections Private Limited** on 03rd June 2025. The copy of the said order is received on 06th June, 2025.

The creditors of **Asian Business Connections Private Limited** are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 20/06/2025 to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12, shall indicate its choice of authorized representative from among the three insolvency professionals listed against entry No. 13 to act as authorized representative of the class [specify class] in Form CA.

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

Sd/-

**Sunit Jagdishchandra Shah**

Interim Resolution Professional

Date: 09/06/2025

Place: Bhopal

**Reg. No.** IBBI/IPA-001/IP-P00471/2017-18/10814

**AFA No.** AA1/10814/02/311225/107767 valid till 31.12.2025





## Pak claim of destroying Su-30 Fighter at Adampur air base debunked

**AGENCIES**

Pakistan was once again left red-faced after its claim that its army had attacked and damaged a Sukhoi-30MKI at India's Adampur air base during a four-day military conflict last month was refuted by a top OSINT imagery analyst.

In a post on X, Damien Symon, a top OSINT imagery analyst, pointed out that Pakistan used pre-conflict images to promote its narrative about Operation Sindoor.

"New report alleges a direct hit at India's Adampur Air Base by Pakistan damaged a Su-30, however a review reveals this image taken in March 2025, pre-conflict actually shows a MiG-29 undergoing maintenance, the dark soot near the engine test pad is routine, not battle damage," he said in a post on X. Symon, the OSINT imagery analyst, has also debunked Pakistan's claim of destroying the S-400 radar in India.




डीपी पर खुद को लिख रखा था एडीजी | महिला के नाम से किया गया था वीडियो कॉल

# अश्लील वीडियो भेजकर ब्लेकमेलिंग की कोशिश, पुलिस ने राजस्थान के ठग को पकड़ा

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

राजस्थान के एक ठग ने वीडियोकॉल के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर शमशाबाद निवासी व्यक्ति को भेजा तथा पैसे ऐंठने की कोशिश की। आरोपी ने अपनी फेसबुक की डीपी पर खुद को पुलिस के बड़े अधिकारी के रूप में एडीजी लिख रखा था।



घटना की गुनगा पुलिस ने बारह घंटे के भीतर ही आरोपी को दबोच लिया। गुनगा थाना प्रभारी एचएस वर्मा ने बताया कि फरियादी असलम खान मंसूरी उम्र ४९ वर्ष निवासी ग्राम बरुआ खार, थाना शमशाबाद, जिला विदिशा, ने थाना गुनगा में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई कि ७ जून को सुबह लगभग ११:४५ बजे, जब वह ईद के अवसर पर भोपाल जा रहा था, तभी उसकी फेसबुक आईडी पर निशा जैन नामक प्रोफाइल से मैसेज व बाद में वीडियो कॉल आया। वीडियो कॉल रिसीव करने पर एक अज्ञात युवती अश्लील हरकतें करते हुए दिखाई दी। कुछ सेकंड बाद कॉल काटने पर उसे उसी आईडी से एक वीडियो क्लिप भेजी गई, जिसमें स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसे फंसाने की कोशिश की गई। फिर आरोपी ने ब्लैकमेल करते हुए पैसों की मांग की और क्यूआर कोड भेजकर २,००० मांगे। फरियादी ने डरकर ४९० ट्रांसफर किए, लेकिन धमकियां जारी रहीं। बाद में एक अन्य व्हाट्सएप नंबर ६२६७९९७१५० से च्एडीजी गौरव मल्होत्राज नाम और पुलिस



अधिकारी की प्रोफाइल फोटो के साथ मैसेज आए, जिससे फरियादी डर गण्या।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत ही कार्रवाई शुरू की। तकनीकी जांच के आधार पर थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम हर्राखेड़ा में दबिश दी, जहाँ एक संदिग्ध भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया, जिसने अपना नाम इरशाद खान पिता मौज खान उम्र १ वर्ष निवासी ग्राम छतरपुर, तहसील गोविंदगढ़, जिला अलवर (राजस्थान) बताया। पूछताछ व तलाशी में उसके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह योजनाबद्ध तरीके से अश्लील वीडियो कॉलिंग द्वारा ब्लैकमेलिंग कर फाइनेंशियल फ्रॉड कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**शादी में शामिल होने आया था आरोपी:** थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है। वह गुनगा इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। शादी के बाद वह यहीं पर रुक गया। उसकी योजना थी कि वह दो-तीन सिम यहां से खरीदकर ले जाएगा तथा वापस जाकर साइबर फ्रॉड करेगा। फरियादी ने जब शिकायत की तो पुलिस ने तुरंत ही वाट्सएप नंबर को सर्विलांस पर लगाकर उसकी लोकेशन ली। लोकेशन हर्राखेड़ा में मिलते ही उसे दबोच लिया गया।

## शादी का वादा कर दुष्कर्म, गर्भपात की दवा खाते ही बिगड़ी युवती की तबियत

इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी दोस्ती, अस्पताल में चल रहा पीड़िता का इलाज



**भोपाल।** सोशल मीडिया पर दोस्ती के के बाद नजदीकियां बढ़ाते हुए युवक ने शादी का झांसा देते हुए युवती का शारीरिक शोषण किया। युवती जब गर्भवती हुई तो युवक ने संबंध खत्म कर दिया। इधर युवती ने गर्भपात की दवा खा ली। दवा खाते ही युवती की तबियत बिगड़ गई तो उेस अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि २१ वर्षीय पीड़िता कोलार इलाके में रहती है। वह प्राइवेट नौकरी करती है। वर्ष २०२ में वह इंस्टाग्राम के जरिए चिराग सिंह नाम के युवक के संपर्क में आई थी। इंस्टाग्राम पर चैटिंग के बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया और कॉल पर बात होने लगी। १८ फरवरी २०२ में चिराग ने युवती को मिलने बुलाया और हबीबगंज स्टेशन के करीब एक ओयो होटल में ले गया। यहां उसने लडक़ी से जबरन संबंध बनाए। विरोध करने पर जल्द शादी करने का झांसा दे दिया।

### दो साल किया शारीरिक शोषण

बाद में आरोपी युवती को अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। पिछले दिनों युवती गर्भवती हो गई उसने यह बात चिराग को बताई तो उसने बातचीत बंद कर दी। परेशान होकर पीड़िता ने स्वयं गर्भपात का फैसला लिया। इसके लिए उसने एक दवा खाई जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जहां उसका इलाज जारी है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। युवती को केवल आरोपी का नाम और मोबाइल नंबर मालूम है। वह स्वयं को चूना भट्टी का रहने वाला बताता था। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

मिसरोद इलाके में हुआ हादसा, पुलिस ने जब्त की गाड़ी

## बीएसएफ अधिकारी की गाड़ी ने बाइकसवार युवक को कुचला

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

नर्मदापुरम रोड पर रविवार की सुबह बीएसएफ अधिकारी की कार ने एक बाइसवार को पीछे से टक्कर मार दी। घायल युवक को पास के ही निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार में मौजूद व्यक्ति कार को वहीं पर छोडक़र चला गया। पुलिस ने कार को थाने में खड़ा कर लिया है। मिसरोद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्षीय नंदकिशोर नामदेव सेमरा गेट अशोका गार्डन में रहता था। वह दर्जी का काम करता था। शनिवार को वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए मंडीदीप गया था। रविवार की सुबह वह घर वापस आने के लिए



अपनी बाइक से निकला था। उसके साथ दूसरी बाइक पर उसका भाई व साढ़ू भाई चल रहा था। तीनों मिसरोद इलाके में काली मंदिर के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने नंदकिशोर की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नंदकिशोर गंभीर रूप से घायल हुआ था। भाई और साढ़ू भाई उसे तुरंत ही पास के सागर अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा अपनी जांच शुरू की।

### कार में मिली बीएसएफ की वर्दी

मिसरोद थाना प्रभारी मनीषराज सिंह भदौरिया ने बताया कि टक्कर मारने के बाद घबराए कार चालक ने भागने की कोशिश की लेकिन एक पत्थर से टकराने के बाद कार रुक गई। को में जो व्यक्ति सवार था वह कार को छोडक़र भाग निकला है। कार से पुलिस को बीएसएफ की वर्दी मिली है जिसमें दो स्टार लगे हैं। इस तरह से यह माना जा रहा है कि गाड़ी बीएसएफ अधिकारी की है।

कोई जनहानि नहीं, शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका



## गोविंदपुरा स्थित फैक्ट्री में लगी आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

राजधानी भोपाल स्थित औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा क्षेत्र में एक फैक्ट्री में भीषण आगलगी जिसके चलते आसपास अफरा-तफरी का माहौल रहा। जानकारी के मुताबिक इंडस्ट्रीज एरिया एच सेक्टर आदर्श नगर में करीब शाम 7 बजे पु_ा फैक्ट्री में आग लगी जिसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर भोपाल के अलग अलग स्थानों से फायर दमकलें पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान फैक्ट्री के आस पास बनी है झुग्गियां भी फैक्ट्री की आग की चपेट में आ गई। मौके पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौजूद कर रहे आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पुलिस बल भी मौजूद रहा। आग की लपटे काफी दूर से ही दिखाई दे रही थी ऐस में फैक्ट्री के आसपास लोागें की भी ? लग गई। ऐसे में मौके पर मौजूद पुलिस बल ने लोगो को वहां से हटाया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की माने तो औद्योगिक क्षेत्र का एक हिस्सा अशोका गार्डन से सटा हुआ है। आग श्रीजी पैकेजिंग बेरोल लेबरेटरी मे लगी है। इसके मालिक वेद प्रकाश गोयल है जिन्हें इसकी सूचना दी गई और वे भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक इस फैक्ट्री में पेपर के पुठ्ठे बनते हुैंर। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग का कारण अज्ञात कारण अज्ञात है लेकिन शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है। राहत की बात यह है कि इस दौरान किसी प्रकार की कोई जनहानी नहीं हुई।

आरोपी जेल में, परिजनों ने दफना दिया था शव

## युवती की संदिग्ध हालत में मौत, युवक ने किया था दुष्कर्म

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

ऐशबाग इलाके में एक युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पूर्व में उसने युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था जो कि अब जेल में हैं। इधर युवती ने 2 मार्च को टायलेट क्लीनर पी लिया था। इसके बाद उसकी तबियत कई दिनों तक खराब रही। 6 मई को उसकी मौत हो गई थी लेकिन घर वालों ने पुलिस को सूचना देने के बजाए उसके शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। पुलिस को जानकारी मिली तो पुलिस ने मर्ग कायम किया तथा उसके शव को कब्र से निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराया। मिली जानकारी के अनुसार 18 साल की युवती थाना क्षेत्र में रहती थी। गत 2 मार्च को उसने टायलेट क्लीनर पी लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने युवती से पूछताछ की तो पता चला कि दो साल से उसके साथ इलाके में रहने वाला एक युवक शादी का प्रलोभन दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने युवती के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो सहित दैहिक शोषण की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया और वह अभी जेल में है। इधर टायलेट क्लीनर पीने के बाद युवती की जान तो बच गई? थी, लेकिन उसकी तबीयत ठीक नहीं रहती थी। उसे अक्सर पेट की समस्या होती थी। परिजन उसका इलाज करा रहे थे। गत दिनों उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। 6 मई को परिजन ने उसे सुपूर्द ए खाक कर दिया।

### 43 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पंजीकृत

भोपाल। प्रदेश में राष्ट्रीय मिशन कर्मयोगी की अवधारणा और कार्य-प्रणाली को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने क्षमता निर्माण नीति तैयार की है। इस नीति में प्रत्येक विभाग के बजट में मिशन कर्मयोगी के लिये बजट का एक प्रतिशत आरक्षित किया गया है। इस व्यवस्था से कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिये आवश्यक संसाधन सुनिश्चित हो रहे हैं। यह व्यवस्था संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास में भी लागू की गयी है। मिशन कर्मयोगी डिजिटल पोर्टल पर अब तक 43 हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को पंजीकृत किया जा चुका है। ये कुल कर्मचारियों का लगभग 70 प्रतिशत है। संचालनालय के 8816 प्रतिभागी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हैं, जिनमें से 6843 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया जा चुका है। विभाग द्वारा विशेषज्ञों के माध्यम से 4 ई-लर्निंग मॉड्यूल निर्मित किये गये हैं।

बिलखिरिया इलाके की घटना, नहीं मिला सुसाइड नोट

## बेटे को बाहर भेजने के बाद महिला ने लगाई फांसी

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

बिलखिरिया इलाके में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या करने से पहले उसने अपने बेटे को बाहर भेजा था। बेटा जब वापस लौटा तो उसे मां फन्दे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ५ वर्षीय विनिता अहिरवार मल्टी कोकता में रहती थी। उसके पति हलवाई का काम करते हैं। दोनों के १२ और ८ साल के दो बेटे हैं। शनिवार रात बड़ा बेटा घर के बाहर खेल रहा था महिला ने दो बेटे को देखने के लिए भेजा। थोड़ी देर बाद जब बड़ा बेटा घर लौट तो उसेन अपनी मां को फन्दे पर लटका पाया।



उसने तत्काल पिता को मामले की जानकारी दी। पिता ने पड़ोसियों को बताया। पड़ोसियों ने शव को फंदे से उतारा। पति ने घर पहुंचने के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकार कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतका के मायके पक्ष ने भी कोई आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस

### बकरी के बच्चे को बचाने गए मासूम की कुएं में डूबने से मौत

**भोपाल।** नजीराबाद इलाके में 12 साल का मासूम कुएं में गिरे बकरी के बच्चे को बचाने की कोशिश में कुएं में गिर गया। डूबने के कारण मासूम की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। नजीराबाद थाना प्रभारी अरूण शर्मा ने बताया कि राजवीर प्रताप पुत्र तंवर सिंह राजपूत हिनौतिया जागीर गांव में रहता था। रोजाना की तरह रविवार सुबह वह बकरियों को चराने के लिए गया था। दोपहर बारह बजे बकरियां तो घर वापस आ गईं लेकिन राजवीर और बकरी एक बच्चा वापस नहीं आया। परिजन दोनों की तलाश में निकले। परिजन जब कुएं के पास पहुंचे तो उन्हें राजवीर कुएं में डूबा मिला जबकि बकरी का बच्चा कुएं में नीचे बनी साढ़ी पर बैठा हुआ था। परिजन राजवीर को लेकर बैरसिया के अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने राजवीर को मृत घोषित कर दिया।

भोपाल स्टेशन पर आरक्षक की बहादुरी से टली बड़ी दुर्घटना

## चलती ट्रेन से उतरते समय यात्री फिसला आरपीएफ आरक्षक ने बचाई जान

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

स्टेशन से छूटी ट्रेरन से उतरते वक्त युवक का पैर फिसल गया। युवक प्लेटफार्म और ट्रेरन के बीच फंसने लगा इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ आरक्षक की नजर पड़ी तो वह दौडक़र पहुंचा तथा बहादुरी का परिचय देते हुए युवक को वहां से सुरक्षित निकाला। आरक्षक की सर्तकता की वजह से युवक की जान बच गई। भोपाल मंडल में चलाए जा रहे च्ऑपरेशन जीवन रक्षाज् के तहत यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु रेलवे सुरक्षा बल के जवान लगातार सतर्क रहते हैं। शनिवार की शाम ६:० बजे, गाड़ी संख्या १८२ ८ छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक १ से



रवाना हो रही थी। इसी दौरान अमरपाल सिंह, निवासी-गांधीनगर, भोपाल, जो प्लेटफॉर्म टिकट लेकर अपने परिजनों को ट्रेन में बैठाने आए थे, अधिक सामान चढ़ाने के लिए कोच में गए थे। ट्रेन के चलने के बाद जब उन्होंने नीचे उतरने का प्रयास किया, तो उनका संतुलन बिगड़ गया और वे फिसलकर कोच और प्लेटफॉर्म के बीच गिर पड़े। मौके पर मौजूद आरपीएफ आरक्षक कृष्ण कुमार ने घटना पर तुरंत सजगता दिखाते हुए दौडक़र यात्री को खींचकर बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच गई। यात्री को केवल मामूली खरोंचें आईं, जिनका उपचार स्टेशन पर स्थित डिस्पेंसरी में किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि आरक्षक की सतर्कता और त्वरित निर्णय ने एक संभावित गंभीर हादसे को टाल दिया। उन्होंने यात्रियों से यह भी अपील की कि वे चलती ट्रेन से चढऩे या उतरने का प्रयास न करें, और केवल गाड़ी के पूर्णतः रुकने पर ही चढ़ें या उतरें।

**फॉर्म ए**
**सार्वजनिक घोषणा**

(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

**एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी में) के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कॉरपोरेट देनदार का नाम | एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कॉरपोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 13/11/2009 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, ग्वालियर |
| 4 | कॉरपोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | U51109MP2009PTC022634 |
| 5 | कॉरपोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजीकृत कार्यालयः FM-18 मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 7 नंबर स्टॉप शिवाजी नगर, भोपाल, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462016 प्रधान कार्यालयः कैमिवल हाउस, डिंडोशी फायर स्टेशन के पास, जनरल ए. के. वैद्य मार्ग, वेस्टन एक्सप्रेस हाईवे के पास, मलाड ई, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400097 |
| 6 | कॉरपोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि | 03/06/2025 (आदेश की उक्त प्रति 06/06/2025 को प्राप्त हुई थी) |
| 7 | दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के बंद होने की अनुमानित तिथि | 30/11/2025 (दिवालियापन प्रारंभ तिथि से 180 दिन यानी 03/06/2025) |
| 8 | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री सुनीत जगदीशचंद्र शाह पंजीकरण संख्याः आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00471/2017-2018/10814 |
| 9 | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | 801-802, आठवीं मंजिल, अभिजीत-1, भुज मर्केंटाइल बैंक के सामने, मीठाखली सिक्स रोड्स, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, 380006 ईमेलः sunit78@gmail.com |
| 10 | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | 801-802, आठवीं मंजिल, अभिजीत-1, भुज मर्केंटाइल बैंक के सामने, मीठाखली सिक्स रोड्स, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, 380006 ईमेलः circ.abcpl@gmail.com |
| 11 | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20/06/2025 (आदेश प्राप्त होने की तारीख से 14वां दिन यानी 06/06/2025) |
| 12 | धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के अंतर्गत लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई हों, जिन्हें अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा सुनिश्चित किया गया है | वर्ग (वर्गों) का नाम बताएंः शून्य |
| 13 | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14 | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | (ए)https://ibbi.gov.in/en/home/downloads (बी) नही |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 03 जून 2025 को एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश की प्रति 06 जून, 2025 को प्राप्त हुई है।

एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों को एतद्द्वारा 20/06/2025 को या उससे पहले प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फॉर्म सीए में वर्ग [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से

**स्थानः भोपाल**
**दिनांकः 09/06/2025**

**वास्ते/- सुनीत जगदीशचंद्र शाह अंतरिम समाधान पेशेवर**
**रजि. नंबर IBBI/IPA-001/IP-P00471/2017-18/10814**
**AFA नंबर AA1/10814/02/311225/107767**
**31.12.2025 तक वैध**

डीसीपी जोन-1 ने जारी किए थे लाइन अटैच के आदेश

## लव जिहाद व दुष्कर्म के बड़े मामले में लापरवाही बरतने पर हटाए गए अशोका गार्डन टीआई हेमंत श्रीवास्तव

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

निजी कॉलेज की छात्राओं को लव जेहाद के मामले में फंसाकर दुष्कर्म और ब्लेकमेल करने के मामले में लापरवाही बरतने के कारण अशोका गार्डन थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव को लाइन अटैच किया गया है। बताया जा रहा है कि जांच को लेकर वे आईजी देहात के सवालों के ठीक से जवाब नहीं दे पाए थे। साथ ही उन्होंने बहस भी की थी। हेमंत श्रीवास्तव पर हिंदू छात्राओं को निशाना बनाकर दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपितों से जुड़े अन्य लोगों पर कार्रवाई न करने के आरोप थे। पीड़िताओं ने अपने बयान में टीआइटी कालेज में हिंदू युवतियों से संबंध रखने वाले पांच से छह मुस्लिम छात्रों के गिरोह से जुड़े होने का संदेह जताया था, लेकिन जब टीम वहां पहुंची तो संदेही वहां से गायब हो गए। बाद में पुलिस ने भी उनकी जांच में दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसको लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने भी अपनी रिपोर्ट में अशोकागार्डन थाना पुलिस की आलोचना की थी।

### महिला आयोग भी जांच से नाखुश

प्रदेशभर में लव जिहाद के मामलों की जांच के लिए बनाई गई एसआइटी के अधिकारियों ने भी अशोकागार्डन पुलिस की सुस्त कार्रवाई को लेकर पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी। साथ ही अशोकागार्डन थाने में दर्ज मामलों की जांच पर महिला आयोग की रिपोर्ट ने भी असंतुष्टी जाहिर की थी। हालांकि डीसीपी जोन वन प्रियंका शुक्ला ने जो आदेश जारी किया उसमें कहा गया कि प्रशासनिक कारणों से अशोका गार्डन थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव को लाइन हाजिर किया गया है।

### विवेचना के दौरान सामने आती रही लापरवाही

लव जिहाद व अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी नवील और अबरार भाग गए थे। बागसेवनिया थाने में १८ अप्रैल को केस दर्ज करने से पहले फरहान और साहिल के अलावा गिरोह के अन्य लोगों पर आरोप नहीं था। बाद में अशोकागार्डन में केस पहुंचने से पहले ही अबरार और नबील भोपाल से भाग गए। हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का टीआई को हटाने को लेकर कहना है कि केस दर्ज होने को डेढ़ महीने से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन अब तक अबरार का सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस उसे पश्चिम बंगाल के कोलकाता और बिहार के ठिकानों पर ढूंढ चुकी है। कालेज की पीड़िताओं ने कालेज में चल रहे लव जिहाद के पूरे रैकेट के बारे में बताया था, लेकिन पुलिस की टीम सिर्फ खानापूर्ति के लिए वहां पहुंची।

एम्स भोपाल में विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर जागरूकता अभियान

## ब्रेन ट्यूमर के प्रति जनजागरूकता फैलाना आवश्यक: डॉ.अजय सिंह



स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में विश्व ब्रेन ट्यूमरदिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनमानस को ब्रेन ट्यूमर, उसके लक्षणों, शीघ्र पहचान और उपचार विकल्पों के बारे मेंसटीक व वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना था। प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इस गंभीर बीमारी के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जानकारीपरक सत्रों के माध्यम से ब्रेन ट्यूमर की प्रारंभिक पहचान, समय पर जांच और समुचित इलाज के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही, आम लोगों के बीच व्याप्त भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए संवादात्मक सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को अपने प्रश्न पूछने और संदेह दूरकरने का अवसर मिला।

### उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहा एम्स

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि भारत जैसे देश में, जहां न्यूरोलॉजिकल समस्याएं अक्सर समय रहते पहचानी नहीं जातीं, ब्रेन ट्यूमर के प्रति जनजागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। एम्स भोपाल न केवल जन जागरूकता को बढ़ावा देने में अग्रणी है, बल्कि जटिल रोगों से पीड़ित मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी सतत रूप से समर्पित है। विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस हमें समय पर जांच, अनुसंधान में निरंतर प्रगति और रोगियों के प्रति संवेदनशील उपचार की हमारी सामाजिक व चिकित्सकीय जिम्मेदारी की याद दिलाता है।



## सार समाचार

### 33वें दीक्षांत समारोह की तिथि में परिवर्तन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर का 33वां दीक्षांत समारोह 12 जून 2025 का आयोजन अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। अब 33वां दीक्षांत समारोह दिनांक 20 जून को आयोजित किया जाएगा। उक्त दीक्षांत समारोह से संबंधित समस्त अद्यतन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट का नियमित अवलोकन करते रहें। इस संबंध में विश्वविद्यालय के प्रभारी परीक्षा नियंत्रक द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।

### मंदिर में मूर्ति स्थापना अनुष्ठान में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**सागर।** रविवार को सद्भावना नगर मकरोनिया मंदिर में मूर्ति स्थापना में भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा। यह अनुष्ठान बंडा रोड सड़क किनारे मडिया में बिराजे शिव, पार्वती और हनुमानजी मूर्ति का स्थान परिवर्तन कर सद्भावना नगर स्थित मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए आयोजित किया गया। अनुष्ठान में शिव, पार्वती और हनुमानजी की मूर्ति स्थापित करने से पहले विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों की अनुगुंजन के मध्य मूर्तियों को ज्येष्ठ शुक्ल, वट पूर्णिमा व्रतारंभ की तिथि पर स्थापित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने ध्वजा व कलश चढ़ाने की रस्म निभाई। इस दौरान मंदिर परिसर शिव पार्वतेय नम:, हर हर महादेव, जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने खुशी का इजहार किया।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे

# ललोई गांव ने खत्म की 'परग' कुप्रथा, मिलकर बेटी का विवाह समारोह किया

स्वदेश ज्योति संवाददाता, मालथौन

ग्राम ललोई में बेटियों के विवाह नहीं होने की 'परग' नामक कुप्रथा को तोड़ते हुए ग्रामवासियों ने मिल कर एक गरीब बेटी का विवाह धूमधाम से करके गांव में बेटियों के विवाह की शुरुआत की। बीते 17 वर्ष बाद हुए पहले विवाह समारोह में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद दिया और इस कुरीति की जंजीर को तोड़कर फेंकने के लिए ग्रामवासियों को बधाई दी।



सागर जिले के मालथौन विकास खंड का ललोई गांव लगभग ढाई सौ घरों की ढाई हजार आबादी वाला बड़ा गांव है। 17 वर्ष पूर्व हुई एक आपराधिक घटना के बाद गांव में 'परग' लगने की प्रथा मानते हुए सिर्फ बेटियों के वैवाहिक कार्यक्रम करने पर निषेध मान लिया। उल्लेखनीय है कि यह कुप्रथा बेटों के विवाह को नहीं रोकती लेकिन बेटियों के वैवाहिक कार्यक्रमों पर ही रोक लगा देती है। परिणाम स्वरूप ग्रामवासी अपनी बेटियों के विवाह समारोह दूसरे कस्बों, ग्रामों में करने बाध्य होते थे जिससे उनका खर्च अत्यधिक बढ़ जाता था। इसका दुष्प्रभाव गरीब और अभाव ग्रस्त परिवारों पर बोझ के रूप में सामने आता है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को अंधविश्वासों व कुरीतियों की जड़ता से समाज को मुक्त करने की जागरूकता के लिए अपने सभी उद्बोधनों में निरंतर प्रेरणा दी है। इसका सकारात्मक प्रभाव ललोई में परग प्रथा के विरोध में गांव वालों द्वारा उठाए गए सामूहिक कदम के रूप में देखने मिला है।

ललोई ग्राम वासियों ने गरीब आदिवासी परिवार की बेटी मानसी गौड़ का विवाह सभी ग्रामवासियों की सहमति व आर्थिक सहयोग से कराया गया। सरपंच बादल सिंह ने बताया कि लगभग तीन लाख रूपए एकत्रित कर यह विवाह समारोह पूरे हर्ष उल्लास से कराया गया। दमोह जिले के नरसिंहगढ़ से आई बारात के स्वागत सत्कार में गांव के सभी महिला पुरूषों ने हिस्सा लिया। उन्होंने पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह को भी विवाह समारोह में शामिल होने आमंत्रित किया।

वरवधु को आशीर्वाद देते हुए विवाह समारोह में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कितनी बड़ी विडंबना है कि हम कन्याओं को देवी स्वरूपा मानकर पूजते हैं लेकिन ऐसी कुरीतियों को सहन कर लेते हैं जो समाज में बेटियों का तिरस्कार करती हैं और उनसे भेदभाव करती हैं। उन्होंने कहा समाज को समय के साथ अपनी बुराइयों और कुरीतियों को छोड़ते जाना चाहिए यह स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए आवश्यक है। ग्राम ललोई के सभी जनप्रतिनिधियों, नागरिकों को उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि आगे यहां बेटियों के विवाह समारोह भी इसी एकजुटता और सद्भाव के साथ होंगे और मैं भी उन सभी समारोहों में शामिल होना चाहूंगा।

बाढ़ से निपटने के लिए पहले से रखें समस्त तैयारी

# जल भराव वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर आवश्यक कार्यवाई करें : कलेक्टर

**सागर। कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा है कि अति वर्षा और बाढ़ से निपटने के लिए सभी सम्बन्धित विभाग पहले से समस्त तैयारीयां करें एवं जल भराव वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर आवश्यक कार्यवाई करें।**

उन्होंने जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष सक्रिय करने और प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए त्वरित एक्शन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ से नदी-नालों और जल भराव वाले सभी क्षेत्रों सहित पुल-पुलियों और बसाहट में हुए अतिक्रमण की पहचान कर उसे हटाने तथा नालों आदि की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ राहत और बचाव के लिए आवश्यकतानुसार अलग-अलग दल बनाकर हर जिले में व्हाटसएप ग्रुप बनाने के लिए कहा।

उन्होंने बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमले, खाद्यान्न आदि की व्यवस्था के साथ अस्थायी आश्रय स्थलों का चयन करने एवं प्रत्येक टीम के आपसी समन्वय और प्रशिक्षण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पुलिस, राजस्व, नगर निगम और नगर पालिका, जल संसाधन, लोक निर्माण, आपदा प्रबंधन आदि विभागों को तत्काल प्लान बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी जल भराव की स्थिति का आकलन करें एवं अतिवर्षा की स्थिति में विस्तृत और समयबद्ध रणनीति बनाएं। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए की जल भराव वाली नदी नालों के दोनों तरफ वेरिकीटिंग की जावे एवं फ्लेक्स लगे सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपनी गाड़ियों में रस्सी टॉर्च सहित अन्य सामग्री रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सकें।

उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों में वहां के तैराकों को भी चिन्हित कर उनको सूचीबद्ध करें एवं उनके मोबाइल नंबर अपने पास रखें एवं होमगार्ड के गोताखोरो को भी तैयार रखें। एसडीआर एफ की टीम एवं अन्य बचाव दल 24 घंटे अलर्ट मोड पर राखी जावे नाव की व्यवस्था रखी जावे सभी अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कंट्रोल रूम भी स्थापित करें।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**देवरी कला।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 7 जून को ग्राम मणि जमुनिया में आयोजित कृषक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय पं. बृज बिहारी पटेरिया, विधायक महोदय, देवरी ने कृषकों को संबोधित किया तथा आह्वान किया कि किसान उन्नत तकनीकी, उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज एवं आधुनिक जमाने के पौध संरक्षण विकल्पों को अपनाकर बेहतर उत्पादन ले। उन्होंने किसान भाइयों से मूल्य संवर्धन तथा स्टोरेज मैं होने वाली हानि को कम करने की बात कही।



शोभाराम लोधी जनपद सदस्य एवं विकासखंड स्तरीय कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष द्वारा कृषकों को नवाचार अपने तथा वैज्ञानिक तकनीकी अपने की बात कही। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 7 जून को देवरी विकासखंड के बिजोरा, खामखेड़ा तथा मणि जमुनिया मे भारत सरकार के निर्देशानुसार गठित दल ने उक्त पंचायतों में जाकर उन्नत कृषि से संबंधित तकनीकी जानकारी कृषि संगोष्ठी के माध्यम से प्रदान की। संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशीष त्रिपाठी डीएपी के वैकल्पिक खाद के रूप में एक बोरी डीएपी के स्थान पर तीन बोरी सुपर फास्फेट एवं 20 किलोग्राम यूरिया के उपयोग पर जोर दिया गया। उच्च गुणवत्ता के बीजों की उचित और अनुशंसित मात्रा का उपयोग जैसे सोयाबीन की उन्नत किस्म जवाहर सोयाबीन 22 12, 22 16, 2172, 2303 आरवीएस 24, आरबीएस 1135 बोने की सलाह दी गई साथ ही बोने से पहले फफूंदनाशी से उपचार ततपश्चात कीटनाशी से उपचार की सलाह दी गई।

कृषकों को कार्यक्रम के दौरान मक्के का संकर बीज अधिक घना ना होने की सलाह दी गई तथा मक्के में बुवाई के पहले खेत की तैयारी के समय आधार खाद के रूप में सुपर फास्फेट, यूरिया, पोटाश एवं जिंक सल्फेट डालने की सलाह दी गई ताकि पौधों का विकास अच्छा हो सके एवं उत्पादन अच्छा मिले। डॉ नरेंद्र चंदेल, वरिष्ठ वैज्ञानिक, केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल ने कृषकों को उन्नत कृषि यंत्रों को अपनाकर कृषि कार्य करने का सलाह दी।

उन्होंने कहा कि ऐसी जमीन जहां पर पानी रुकता है अथवा पानी भरता है वहां पर किसानों को धान की फसल एवं ऊंची जमीन ढालू जमीन में उड़द व तिल की खेती करना चाहिए। डॉ. अभिषेक बादल नाशीजीव प्रबंध संस्थान, मुरैना ने कृषकों को आईपीएम पद्धति के उपयोग तथा कीटनाशी उपयोग की जानकारी दी। अंबाराम मेडा, अनुविभागीय अधिकारी कृषि ने मध्य प्रदेश सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं के बारे में कृषकों को अवगत कराया। जेपी कोरी ने उद्यानिकी विभाग में योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषक पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी कृषकों को दी। आरएस जारोलिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी देवरी द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में तीनों पंचायत में 200 से अधिक कृषकों ने भाग लिया।

# घर-घर अभियान चलाकर ई-केवाईसी कराई गई फिर भी 46047 पेंडिंग

स्वदेश ज्योति संवाददाता, देवरीकला

सरकार द्वारा राशन वितरण में फर्जी वाला रोकने के उद्देश्य से हितग्राहियों की ई केवाईसी कराई जा रही है। पीओएस मशीन पर फिंगर के माध्यम से घर-घर जाकर पिछले 6 माह से ई-केवाईसी का अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद भी देवरी विसं क्षेत्र के देवरी और केसली विकासखंड में 46047 सदस्यों की केवाईसी पेंडिंग है। ई-केवाईसी से लंबित राशन हितग्राहियों के सदस्यों को 15 जून तक का समय बढ़ाया है। इसके बावजूद हितग्राहियों ने ई-केवाईसी नहीं कराई तो राशन से वंचित होना पड़ेगा। कलेक्टर के सख्त निर्देश के बावजूद भी राशन दुकानदारों द्वारा ई-केवाईसी करने में लापरवाही बरती है। पिछले माह तत्कालीन एसडीएम ने देवरी विकासखंड की 10 राशन दुकानदारों को नोटिस जारी कर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। कोई केसली विकासखंड की लापरवाही राशन दुकानों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। देवरी क्षेत्र में 46047 सदस्य ई केवाईसी से वंचित होने के कारण खाद्य विभाग की मुश्किल में बढ़ गई हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ई केवाईसी से वंचित सदस्य या तो पलायन कर गए हैं या फर्जीबाड़ा है, जिसमें देवरी जनपद क्षेत्र से 24200, देवरी नगर पालिका 3093, केसली जनपद क्षेत्र से 18034 इस तरह कल देवरी विधानसभा क्षेत्र से 460 47 हितग्राही सदस्य 5 जून तक ई केवाईसी से वंचित हैं।



इस संबंध में सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी सार्थक तिवारी का कहना है कि ई केवाईसी से वंचित हित ग्राही राशन दुकान पर जाकर पीओएस मशीन से ई केवाईसी कराकर राशन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शासन ने 15 जून तक का समय और बढ़ाया है। इसके बाद हितग्राही राशन से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो पेंडिंग ईकेवायसी है, उसमें अधिकांश हितग्राही पलायन कर चुके हैं। बच्चे और बुजुर्गों के फिंगर ना आने के कारण भी अधिकांश हितकारी केवाईसी से वंचित हैं। और बड़ी संख्या में फर्जी नाम होने की भी आशंका है। उन्होंने बताया कि पूरी जानकारी राशन दुकानदारों से जुटाई जा रही है कि ईकेवाईसी हितग्राही कहां पर हैं। उन्होंने बताया कि ई केवाईसी में लापरवाही राशन दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई और वसूली की जाएगी।


## फॉर्म ए
## सार्वजनिक घोषणा

(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

**एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी में) के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कॉरपोरेट देनदार का नाम | एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कॉरपोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 13/11/2009 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, ग्वालियर |
| 4 | कॉरपोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | U51109MP2009PTC022634 |
| 5 | कॉरपोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजीकृत कार्यालयः F M - 18 मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 7 नंबर स्टॉप शिवाजी नगर, भोपाल, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462016 प्रधान कार्यालयः कैमिवल हाउस, डिंडोशी फायर स्टेशन के पास, जनरल ए. के. वैद्य मार्ग, वेस्टन एक्सप्रेस हाईवे के पास, मलाड ई, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400097 |
| 6 | कॉरपोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि | 03/06/2025 (आदेश की उक्त प्रति 06/06/2025 को प्राप्त हुई थी) |
| 7 | दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के बंद होने की अनुमानित तिथि | 30/11/2025 (दिवालियापन प्रारंभ तिथि से 180 दिन यानी 03/06/2025) |
| 8 | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री सुनीत जगदीशचंद्र शाह पंजीकरण संख्याः आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00471/2017-2018/10814 |
| 9 | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | 801-802, आठवीं मंजिल, अभिजीत-1, भुज मर्केंटाइल बैंक के सामने, मीठाखली सिक्स रोड्स, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, 380006 ईमेलः sunit78@gmail.com |
| 10 | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | 801-802, आठवीं मंजिल, अभिजीत-1, भुज मर्केंटाइल बैंक के सामने, मीठाखली सिक्स रोड्स, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, 380006 ईमेलः circ.abcpl@gmail.com |
| 11 | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20/06/2025 (आदेश प्राप्त होने की तारीख से 14वां दिन यानी 06/06/2025) |
| 12 | धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के अंतर्गत लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई हों, जिन्हें अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा सुनिश्चित किया गया है | वर्ग(वर्गों) का नाम बताएंः शून्य |
| 13 | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14 | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | (ए)https://ibbi.gov.in/en/home/downloads (बी) नही |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 03 जून 2025 को एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश की प्रति 06 जून, 2025 को प्राप्त हुई है।

एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों को एतद्द्वारा 20/06/2025 को या उससे पहले प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फॉर्म सीए में वर्ग [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से

**स्थानः भोपाल**
**दिनांकः 09/06/2025**

**वास्ते/- सुनीत जगदीशचंद्र शाह अंतरिम समाधान पेशेवर**
**रजि. नंबर IBBI/IPA-001/IP-P00471/2017-18/10814**
**AFA नंबर AA1/10814/02/311225/107767**
**31.12.2025 तक वैध**


# 32 पदाभिहित अधिकारियों पर समय पर सेवाएं न देने पर 41 हजार से अधिक का लगाया जुर्माना

स्वदेश ज्योति संवाददाता, सागर

**- कलेक्टर की बड़ी कार्यवाही**

**कलेक्टर संदीप जीआर के आदेशानुसार 32 पदाभिहित अधिकारियों द्वारा समय पर सेवाएं न देने एवं अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर 41 हजार से अधिक का जुर्माना लगाया गया। जिसमें राहतगढ़ जनपद पंचायत सीईओ एस.के. प्रजापति सहित 31 सचिवों पर जुर्माना लगाया या।**

नरेन्द्र सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत जैसीनगर, मुकुंदी यादव, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरासानौधा शाहगढ़, विसराम लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत गूगराखुर्द शाहगढ़, गिरवर सिंह लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत बरखेरा शाहगढ़, राजकुमार चौबे, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत साजी बण्डा, राजेन्द्र सिंह यादव, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत झारई बण्डा, राजकुमार चौबे, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत पिडरूआ बण्डा, वीरसिंह लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत पडवार बण्डा, राजेन्द्र चौहान, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत नीमोन बण्डा, आशीष चौबे, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्रामपंचायत कोटरा बण्डा, हरदास अहिरवार, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय - ग्राम पंचायत गनयारी बण्डा, अनुरूध्द सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरा दांत बडा, समीर सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत हनौता पटकुई बण्डा, भूपेन्द्र सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत गडर, बण्डा, राजेन्द्र तिवारी, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत पिपिरिया चौदा, बण्डा, प्रकाश अहिरवार सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय चौंकाभेडा बण्डा, मनीष जैन, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत खजरा भैडा, बण्डा, भैयाराम चढार, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत कासलपिपरिया रहली, अरूण राजपूत, सचिव, ग्राम पंचायत पंचायत जैतपुर कछया जनपद देवरी, वीरेन्द्र सिंह लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत -कार्यालय ग्राम पंचायत बेलढाना जनपद देवरी, वीरेन्द्र कुमार गौंड, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत नवलपुर रहली, लक्ष्मीकांत दुबे, सचिव, ग्राम पंचायत दरारिया तिन्सी रहली, परषोत्तम पटैल, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत गुडाकलां रहली, भगवानदास, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत नैनधरा बण्डा, वीरसिंह गौड, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत सिग्रावन बण्डा, राजेन्द्र राजौरिया, सचिव, ग्राम पंचायत तूमरी जनपद केसली, नारायण सिंह लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत दिलहरी जनपद केसली, रमाकांत पचौरी, सचिव, ग्राम पंचायत तेंदूडाबर जनपद केसली जिला सागर, फूलसिंह सेन, सचिव, ग्राम पंचायत मड़पिपरिया देवरी, पहलाद लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत रतनपुर जनपद शाहगढ़, नरेन्द्र सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत सागौनी पुरैना जनपद जैसीनगर, एस.के. प्रजापति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राहतगढ जिला सागर

इन सभी अधिकारियों द्वारा समय सीमा में आवेदनों का निराकरण न करने हेतु अर्थदंड की कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया कि सचिव का यह कार्य लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (क) का उल्लंघन हैं। अतएव सचिव के द्वारा आवेदन को विलंब करने पर दंड स्वरूप जुर्माना लगाया गया। साथ ही उक्त जुर्माना राशि को तीन दिन के अंदर जमा करने का आदेश दिया गया।

**भूमिपूजन** मालथौन में वृक्षारोपण, फोरलेन-चनारी मार्ग व अटाकर्नेलगढ़ उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन किया

# शुद्ध भोजन, शुद्ध जल और शुद्ध वायु ये एक आदर्श जीवन का आधार हैं : अविराज सिंह

स्वदेश ज्योति संवाददाता, मालथौन

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद की विचारधारा कहती है कि सभी जीव, संपूर्ण पर्यावरण और सभी मनुष्य एक है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मालथौन आईटीआई के पास आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेता अविराज सिंह अपने संबोधन में पं दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का स्मरण किया। उन्होंने लागत राशि 358 लाख रूपये फोरलेन से चनारी मार्ग निर्माण कार्य एवं लागत राशि 65 लाख रूपये से निर्मित हो रहे अटाकर्नेलगढ़ उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन किया।




युवा नेता अविराज सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि 5 जून 1972 को जब विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत हुई तब उसके पीछे यह विचारधारा थी कि सभी राष्ट्रों में विकास हो रहा है, और विकास से पर्यावरण को हानि हो सकती है। अत: विकास और पर्यावरण में संतुलन की आवश्यकता है। विकास ऐसा हो जिससे पर्यावरण की हानि न हो। इस विचारधारा के साथ विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि हमारे लिए दुर्भाग्य का विषय है कि पर्यावरण का जो नुकसान हो रहा है उसको हम कम तो कर पाये लेकिन उसको रोक नहीं पाये। इसका परिणाम हमें देखने मिल रहा है कि आज विश्व में कही भी भूकंप, सुनामी, चक्रवात आ रहे हैं। भारत में कुछ क्षेत्र ऐसे भी है जहां गर्मी में तापमान 55 डिग्री तक पहुंच चुका है इतने तापमान पर पशु पक्षियों का जीवन खतरे में आ जाता है।

उन्होंने कहा कि बचपन से हम सभी ने सुना है कि शुद्ध भोजन, शुद्ध जल और शुद्ध वायु ये एक आदर्श जीवन का आधार है। पर्यावरण के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि युवा वर्ग खुद तो पौधारोपण कर ही रहे हैं अन्य लोगों को भी वृक्षारोपण के फायदे बता कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हम सभी पौधारोपण करें तथा अपने परिजनों व दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। अगर आप एक वृक्ष लगाते हैं तो आप चार लोगों को जीवन भर प्राणवायु प्रदान करने का काम कर रहे हैं। पौधे केवल शुद्ध वायु नहीं देते अपितु कई प्रकार की घातक बीमारियों की दवा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में जो मेहनत करते है वो आगे बढ़ते है, पर उनसे भी आगे वो बढ़त हैं जो सुनते ज्यादा है बोलते कम है। जितना ज्यादा आप सुनते हो उतना ज्यादा आपका ज्ञान बढ़ता है।

कार्यक्रम में रामकुमार बघेल, बलवीर सिंह, जयंत सिंह बुन्देला, गोविन्द सिंह राजपूत नेंगुवा, अरविन्द लोधी, गोविन्द्र सिंह राजपूत खिरिया, सिरनाम सिंह तोमर, श्रीमती रश्मि आशीष तोमर सरपंच, रावराजा राजपूत, भजन यादव, कोमल यादव, पुष्पेन्द्र तोमर, बलराम ठाकुर, चुन्नीलाल कुशवाहा, राजेन्द्र सिंह तोमर, राम सजीवन तोमर, अजमेर सिंह, गिन्नी राजा, वीर सिंह, राजवरन सिंह तोमर, फूल सिंह, महाराज सिंह, उदल सिंह, बीएमओ विक्रांत गुप्ता, सीईओ सचिन गुप्ता, हनुमत सिंह नेगुंवा, गजेन्द्र सिंह तोमर, राजेंद्र सिंह बुंदेला, जितेन्द्र सिंह सिसोदिया, प्रमोद तिवारी, दुर्गा प्रसाद प्रजापति, गनेश आदिवासी, भीकम यादव, जितेन्द्र कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### बावड़ी उत्सव मनाया गया

**सागर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर म.प्र.जन अभियान परिषद बीना द्वारा आगासौद ग्राम में बड़ी माता मंदिर स्थित प्राचीन बावड़ी पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया यह आयोजन जल संरक्षण की दिशा और प्राचीन जल स्त्रोतों को सहजने हेतु सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में बावड़ी पर रंगोली बनाई गई और दीपमालिका द्वारा सजाया गया। माता मंदिर में पूजन उपरांत बावड़ी पूजन कर उत्सव मनाया जिसमें सम्मिलित लोगों को जल स्त्रोतों को संरक्षित करने हेतु चर्चा हुई और संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम जनपद सदस्य जनमेद यादव में विखं समन्वयक नीरज शर्मा नवांकुर संस्थाओं से धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, नंदराम कुशवाहा, जगदीश प्रसाद, दिलीप, कमल, रविशंकर मेंटर्स नरेश तिवारी, दीपक जैन प्रमोद चढ़ार, दीपक प्रजापति छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।









## सार समाचार

### मेयर इन काउंसिल की स्थगित बैठक आज

**जबलपुर।** मेयर इन कांउसिल की बैठक आज शाम 6 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी मेयर इन कांउसिल के सचिव खूबचंद पांडेय के द्वारा दी गई है। इसी प्रकार 9 जून को अपरान्ह 03:00 बजे से रानीदुर्गावती बलिदान दिवस मनाने की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### रबी की समीक्षा खरीफकी तैयारी पर चर्चा 11 को

**जबलपुर।** रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ 2025 की तैयारियों पर चर्चा करने सम्भागीय बैठक बुधवार 11 जून को कल्चुरी होटल के सभागार में दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता विभाग और दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित बैठक में पशुपालन एवं डेयरी, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग तथा संबद्ध संस्थाएं शामिल होंगी।

### आज निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर का आयोजन

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के रामपुर स्थित चिकित्सालय में 9 जून को प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक एक निजी पैथॉलाजी लेब के सहयोग से निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर का आयोजन किया गया है। निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर में कम्पलीट ब्लड काउंट, थायरॉयड प्रोफाइल, एचबीए 1 सी, कम्पलीट लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट किए जाएंगे। पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिक व उनके आश्रित उक्त सुविधा का लाभ बिना किसी भुगतान के ले सकेंगे। जांच का व्यय पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। जांच के वक्त कार्मिक व उनके आश्रित को पावर मैनेजमेंट कंपनी की चिकित्सा पुस्तिका साथ लाना अनिवार्य होगा। ब्लड शुगर व लिपिड प्रोफाइल की जांच के लिए संबंधित व्यक्ति को खाली पेट आना आवश्यक होगा।

### नालियों से लोहे की रॉडें चोरी

**जबलपुर।** मानस भवन स्मार्ट सिटी ऑफिस के ईर्द-गिर्द बनी स्मार्ट रोड की नालियों से लोहे की जालियां चोरी हो रही हैं। ऐसा एक-दो जगह नहीं बल्कि कई स्थानों पर देखा जा रहा है। हालांकि जिम्मेदारों ने अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिसके चलते चोरों के हौंसले बढ़ते जा रहे हैं और आगे जाकर वे सार्वजनिक संपत्तियों को ज्यादा नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। नालियां जिस तरीके से निकाली गई हैं, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि या तो किसी कबाड़ वाले ने या फिर किसी नशेड़ी ही नशा के लिए रुपयों का जुगाड़ करने के लिए जालियां निकाली हैं। लोगों का कहना है कि इसी प्रकार की छोटी मोटी-घटनाओं को नजरअंदाज करने के कारण चोरों और उपद्रवियों के हौसले बुलंद हो जाते हैं और इसी शह के चलते पिछले दिनों असमाजिक तत्वों ने स्मार्ट सिटी ऑफिस के अंदर दस्तावेजों और अन्य चीजों को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

### मेधावी छात्र अलंकरण समारोह सम्पन्न



**जबलपुर।** विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर/उ. मा. विद्यालय महाकोशल प्रांत के 21 प्रतिभाशाली भैया बहिनों ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में एवं 35 भैया बहिनों ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षा 10वीं 12वीं में जिला की प्रवीण्य सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त कर विद्याभारती महाकोशल प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इन प्रतिभाशाली प्रतिभाओं का सम्मान समारोह सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर के प्रांगण में जगतगुरू स्वामी नरसिह दास महाराज की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मा. अखिलेश जी मिश्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री, डॉ. राजकुमार आचार्य अध्यक्ष एवं कुलगुरू जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मा. डॉ. अखिलेश गुमस्ता वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ, रत्नेश सोनकर नगर अध्यक्ष भारतीय जनतापार्टी जबलपुर मंचासीन रहे। इस अवसर पर जगतगुरू स्वामी नरसिंहदास जी महाराज आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा इसलिए प्राप्त करते है वे समाज और राष्ट को गौरवान्वित करें सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र संस्कार शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रेत होते है।

# आग से जली थी लाखों रुपए की दवाइयां

## एक सप्ताह बाद भी सामने नहीं आई वजह

स्वदेश ज्योति संवाददाता, जबलपुर



आधारताल स्थित पशु चिकित्सा केंद्र में बीते शनिवार रात लगी भीषण आग ने लाखों रुपए की दवाइयों को चंद घंटों में राख कर दिया। घटना को एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन आग लगने की असली वजह अब तक सामने नहीं आई है। शुरुआती जांच में 50 लाख रुपए से ज्यादा की दवाओं के नुकसान की पुष्टि हुई है, जबकि सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आग दुर्घटना थी या किसी साजिश का हिस्सा। घटना 31 मई की रात करीब 11 बजे के आसपास हुई, जब सेंटर से धुंआ उठता देख चौकीदार ने अधिकारियों को सूचना दी। तत्काल पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रफूल्ल मून मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अंदर रखा सारा दवा स्टॉक जलकर खाक हो चुका था। पशु चिकित्सा केंद्र जिले भर के पशु स्वास्थ्य केंद्रों को दवाइयों की सप्लाई का मुख्य केंद्र है, जहां करोड़ों रुपए की दवाइयां स्टॉक में रहती हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि घटना स्थल के पास ही विभाग के कर्मचारी भी रहते हैं, लेकिन किसी को समय रहते आग की भनक नहीं लगी। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मून ने बताया कि आग पीछे की खिड़की से लगी और इतनी भीषण थी कि दमकल की मदद के बिना उस पर काबू पाना संभव नहीं था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घटनास्थल पर कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं थे, सिर्फ दवाइयों का स्टॉक रखा गया था। घटना के तुरंत बाद आधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराई गई और अब पुलिस जांच जारी है। साथ ही विभागीय स्तर पर भी एक जांच समिति गठित की गई है, जो यह पता लगाएगी कि यह दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई गहरी साजिश है। विभाग ने इस घटना की जानकारी भोपाल मुख्यालय को भी भेज दी है। हालांकि आग के कारणों पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। न तो शॉर्ट सर्किट के कोई संकेत मिले हैं और न ही कोई तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है। ऐसे में यह मामला गंभीर जांच की मांग करता है। विभागीय लापरवाही या संभावित साजिश जो भी वजह हो पशु चिकित्सा केंद्र जैसे अहम संस्थान की सुरक्षा और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# मदन महल स्टेशन में लगने लगे कोच डिस्प्ले बोर्ड

स्वदेश ज्योति संवाददाता, जबलपुर

मदन महल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाने का कार्य शनिवार से प्रारंभ कर दिया गया है। प्लेटफार्म नम्बर-2 से शुरू हुआ यह कार्य अगले कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगा और मदन महल स्टेशन के सभी प्लेटफार्म कोच डिस्प्ले बोर्ड से लैस हो जाएंगे। सभी प्लेटफार्मों पर बोर्ड लग जाने से यात्रियों को सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उन्हे ट्रेन आने पर इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। लम्बी दूरी की ट्रेनों का ठहराव दिए जाने के पश्चात मदन महल रेलवे स्टेशन की गिनती अब बड़े रेलवे स्टेशनों में होने लगी है, इस लिहाज से इस स्टेशन पर जरूरी यात्री सुविधाओं का विकास होना जरूरी था। सबसे खास ट्रेनों के आगमन से पूर्व यात्रियों को यह पता चल जाना कि जिस कोच में उन्हे सफर करना है वह किस स्थान पर आकर खड़ा होगा, इसके लिए कोच डिस्प्ले बोर्ड की जरूरत को हर यात्री महसूस करता था लेकिन मदन महल स्टेशन पर यह सुविधा न होने के कारण यात्री अक्सर मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर से ट्रेन पकड़ना उचित समझते थे।

लेकिन अब इस स्टेशन पर भी यात्रियों को जल्द ही कोच डिस्प्ले बोडज़् की सुविधा मिलने लगेगी। इस सुविधा के शुरू हो जाने के पश्चात ऐसे यात्री जिन्हे मदन महल स्टेशन से यात्रा शुरू करना लाभ दायक होता है उन्हे अब मुख्य रेलवे स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। इससे जहां मुख्य रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त यात्री दबाव कम होगा बल्कि यात्रियों के समय व पैसों की भी बचत होगी।

# आबकारी अधिकारी करेंगे कलेक्टर से चर्चा

## फोटोकॉपी जमा कर शराब ठेका हथियाने का मामला




स्वदेश ज्योति संवाददाता, जबलपुर

वित्तीय वर्ष 2021-22 में बैंक में सावधि जमा की फोटोकॉपी जमा कर आबकारी कार्यालय से मिलीभगत कर शराब ठेका हथियाने के मामले पर महाधिवक्ता के अभिमत का इंतजार कर रहे आबकारी अधिकारी कल इस बाबत कलेक्टर दीपक सक्सेना से आगामी कार्रवाई को लेकर चर्चा करेंगे। सूत्रों की मानें तो इस संबंध में महाधिवक्ता मध्यप्रदेश प्रशांत सिंह के कार्यालय से अभिमत सहायक आयुक्त आबकारी संजीव दुबे के कार्यालय पहुंचा है। चूंकि मामला शासन के राजस्व घाटे का है इसलिए फिलहाल इस मामले पर आबकारी कार्यालय गोपनीयता बरत रहा है इसलिए यह ओपन नहीं किया जा रहा है कि अभिमत में शासन को क्या सलाह दी गई है। आरआरसी जारी है दोनों ठेकेदारों की उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 में हुए टेण्डर के दौरान आशीष शिवहरे और सूरज गुप्ता नामक शराब ठेकेदारों की फर्म वैष्णवी इंटरप्राइजेज पर 25 करोड़ 50 लाख की महाराष्ट्र बैंक तिलहरी शाखा में कराई गई एफडी की सिर्फ फोटो कॉपियां ही आबकारी कार्यालय में जमा कर ठेका ले लिया गया था, पूरा साल बीत जाने पर भी इन एफडी की वास्तविक प्रति कभी कार्यालय में जमा ही नहीं हुई और वर्ष भर ठेका संचालित होता रहा। वर्ष के अंत में जब हिसाब किताब हुआ तब यह चीटिंगबाजी उजागर हुई तो हड़कम्प मच गया। नतीजा तत्कालीन सहायक आयुक्त आबकारी रवींद्र मानिकपुरी द्वारा दोनों शराब ठेकेदारों पर इसकी रिकवरी निकाल तत्काल ही आरआरसी जारी कर दी गई थी। इसी आदेश के विरुद्ध दोनों ठेकेदार मध्यप्रदेश हाईकोर्ट चले गए जहां से उन्हे स्थगन आदेश मिल गया।

### पहले दिन से चल रही है लीपापोती

फिलहाल अभिमत क्या मिला है जब तक इसका खुलासा नहीं हो जाता तब तक आबकारी अधिकारी कुछ भी बोलना नहीं चाहते लेकिन जानकारों के मुताबिक यदि ठेकेदार उक्त एफडी में वर्णित राशि जमा कर देते हैं तो मामला ही खत्म हो जाएगा। बता दें कि जब से यह मामला उजागर हुआ है तब से ही इस विषय पर लीपापोती भी चल रही है लेकिन मामला शांत होता नहीं देख विगत दिनों सहायक आयुक्त द्वारा महाधिवक्ता कार्यालय से इस विषय पर अभिमत मांग लिया गया था।

# सिद्ध बाबा की पहाड़ी पर बदमाशों ने किया बम टेस्ट

## जांच में जुटी पुलिस

स्वदेश ज्योति संवाददाता, जबलपुर

शहर के घमापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्ध बाबा की पहाड़ी पर दो युवकों द्वारा पत्थरों पर बम पटकने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों युवक बम की क्षमता को परखते हुए नजर आ रहे हैं, जिसे देख लोग हैरान हैं। पुलिस ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में नजर आ रहे युवकों की पहचान छोटू वंशकार और चिराग वंशकार के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ पहले से ही घमापुर थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि इन युवकों का हाल ही में क्षेत्र के एक व्यक्ति से विवाद हुआ था, जिसने ही यह वीडियो बनाकर पुलिस और सोशल मीडिया पर शेयर किया। घमापुर टीआई सतीश अंधवान ने बताया कि वीडियो पुलिस के संज्ञान में आ चुका है। दोनों युवकों की पहचान हो चुकी है। इनके साथ खड़े अन्य युवकों की भी पहचान की जा रही है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है। पकड़े जाने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि बम कहां से लाए गए और इसका मकसद क्या था। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर एंगल से जांच कर रही है। घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब खुलेआम बम जैसी वस्तुओं का प्रदर्शन और परीक्षण किया जा रहा है।

DBS

**शाखा बंद करने और विलय की सूचना**

हम अपने ग्राहकों को सूचित करना चाहते हैं कि डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड की **जबलपुर** शाखा को बंद किया जा रहा है, और **भोपाल** शाखा के साथ विलय किया जा रहा है:-

**शुक्रवार, 08 अगस्त 2025 से बंद हो रही शाखा :**
**जबलपुर शाखा**

**सोमवार, 11 अगस्त 2025 से निम्नलिखित शाखा में विलय हो जाएगा: भोपाल शाखा**
**क्वालिटी बिजनेस सेंटर, प्लॉट नंबर 07, जोन- II, एम.पी.नगर, भोपाल - 462001 मध्य प्रदेश**

डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड की किसी भी शाखा में या **digibank** या **IDEAL** ऐप्स के माध्यम से ग्राहकों को निर्बाध सेवाओं का आश्वासन देते हैं। इसके अलावा, किसी भी बैंकिंग सहायता के लिए हमारे रीटेल ग्राहक **18602103456 / 18602674567** और कॉर्पोरेट ग्राहक **18001036500 / 18004199500** / विदेश से **(+91) 4466328000** पर हम से संपर्क कर सकते हैं।

**बैंक ने ग्राहकों को यह जानकारी पत्र/ एसएमएस/ ईमेल के माध्यम से भी भेजी है।**

# राटुविवि में प्रवेश प्रक्रिया पर बिफरे एनएसयूआई कार्यकर्ता

### कहा योजनाओं से छात्रों को किया जा रहा वंचित

स्वदेश ज्योति संवाददाता, जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रवेश प्रक्रिया में किए गए संशोधनों को लेकर छात्र संगठन आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि एक तरफ विश्वविद्यालय प्रशासन ने वार्षिक शुल्क में काफी बढ़ोत्तरी कर दी है। वहीं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से छात्रों को बंचित किया जा रहा है। अब छात्रों को संबल योजना के तहत प्रवेश में मिलने वाली सुविधाएं तक छीन ली गई हैं। इस मामले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जबलपुर जिलाध्यक्ष सचिन रजक एव राहुल रजक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति के नाम संभागीय आयुक्त जबलपुर को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में व्याप्त प्रशासनिक तानाशाही, शासन के नियमों की खुली अवहेलना एवं निम्नवर्गीय छात्रों के अधिकारों की अनदेखी के विरुद्ध दिया गया। जिलाध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जानबूझकर शासन की मेधावी छात्र योजना, संबल योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को निष्क्रिय कर दिया गया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी प्रवेश नियमावली 2025-26 के बिंदु 6.6.3 के अनुसार मेधावी छात्र योजना, संबल योजना तथा अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क एवं नामांकन शुल्क से पूर्णतः छूट प्रदान की जानी है। परंतु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा इसके विपरीत सभी छात्रों से संपूर्ण शुल्क पहले ही चरण में वसूल किया जा रहा है। यह निर्णय न केवल शासनादेशों की अवमानना है, बल्कि गरीब छात्रों के साथ अन्याय और शोषण का ज्वलंत उदाहरण भी है। प्रवेश नियमावली 6.6.3 (द) स्पष्ट करता है कि यदि कुल शुल्क 5 हजार रूपए से अधिक हो, तो छात्रों को तीन किश्तों में भुगतान की सुविधा दी जानी चाहिए। लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को यह सुविधा नहीं दी जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है। कई अभिभावक एवं छात्र अत्यधिक मानसिक तनाव में हैं।

# 'ठग ठगे गये' में बच्चों ने दिखाया कमाल

## विवेचना के बाल नाट्य शिविर का हुआ समापन



**जबलपुर।** विगत एक माह से जारी विवेचना के बाल नाट्य शिविर 'बच्चों का कला मेला' का समापन रविवार को विमला ग्रेस ऑडीटोरियम, जाय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में संपन्न हुआ। इस शिविर में 24 बच्चे शामिल हुए। सभी बच्चों ने प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक शिविर में थियेटर गेम्स सीखे। नाटकों के दृश्य बनाए। बहुत सारा क्राफ्ट का काम सीखा। मूर्तियां और खिलौने बनाये। खूब चित्रकारी की। और नाटक 'ठग ठगे गये' की रिहर्सल की। समापन समारोह में सभी बच्चों के अभिभावकों और विवेचना के दर्शकों की उपस्थिति में समापन समारोह में आर्यन चौबे ने गिटार पर एक प्रस्तुति दी। उसके बाद ऐश्वर्या जैन ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। इसके पश्चात् शिविर में शामिल सभी बच्चों ने मिलकर सफदर हाशमी के गीत 'पढ़ना लिखना सीखो ओ मेहनत करने वालों' और दुष्यंत कुमार की गजल 'फिर धीरे धीरे यहां का मौसम बदलने लगा है' प्रस्तुत की जिसे सभी दर्शकों ने खूब सराहा। शिविर में पेंटिंग की क्लास में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का पूरा प्रदर्शन किया। शानवी राणा ने बहुत ही सुंदर और आकर्षक चित्र और क्ले आर्ट का भी बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने छोटी-छोटी मूर्तियाँ बनाईं जो बहुत ही आकर्षक और सुंदर थीं। इसके अलावा, अक्षत, अथर्व, भव्य, तिथिमान, पार्थ और अन्य सभी बच्चों ने भी अपनी कल्पनाशीलता के अनुसार सुंदर चित्र बनाए। इन सभी कलाकृतियां की एक प्रदर्शनी हॉल में लगाई गई थी। बाल नाट्य शिविर के आयोजन में आदित्य रूसिया, बद्रीश पांडे, अजय धाबर्डे, चिन्टू स्वामी, भावना दीक्षित, चेतन जग्गी, विश्व नारायण पांडे, इंदु सूर्यवंशी ने विशेष योगदान दिया।

**अनैतिक कारोबार** | पार्ट टाइम जॉब की तरह हो रहा है काम

# कई स्पा सेंटरों में चल रहा जिस्मफरोशी का धंधा

स्वदेश ज्योति संवाददाता, जबलपुर



अतिथि होटल की तर्ज पर शहर के कई मसाज सेंटर वाले 'हाई प्रोफाइल सेक्स रेकेट' का संचालन करा रहे हैं। प्रभावशाली लोग 'स्पा सेंटर' में लड़कियों को प्रलोभन सहित मजबूर करते हुए जिस्मफरोशी का अनैतिक कारोबार पुलिस की नजरों से बचकर कर रहे हैं। अनेक स्पा सेंटर और छोटी-छोटी होटल में होने वाली अनैतिक गतिविधियों की चर्चा पूरे क्षेत्र में रहती है, लेकिन कोई भी संभ्रात व्यक्ति इनसे उलझने में कतराता है। स्पा सेंटर वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए ग्राहक और दलालों के बीच सौदेबाजी का खेल कर निर्धारित स्थान पर युवतियों को पहुंचा रहे है। वीकेंड में इसकी सर्वाधिक डिमांड रहती है और उसी हिसाब से होटलों में भी इसके लिए एक व्यवस्थित नेटवर्क शहर में कार्य कर रहा है। होटल अतिथि जैसे कई अनैतिक कार्य होने का खुलासा पुलिस पहले भी कर चुकी है, लेकिन यह काम अभी भी बदस्तूर जारी है। मसाज के नाम पर शहर में संचालित हो रहे स्पा सेंटरों में दिनदहाड़े अनैतिक कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में गढ़ा पुलिस ने अतुल चौरसिया सहित उसका साथी शीतल, अतिथि होटल में लड़कियों से देह व्यापार कराते थे। पुलिस ने असम की मूल निवासी युवती की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अतुल और शीतल को गिरफ्तार किया था।

### कुछ इलाकों में खुलेआम चल रहा खेल

शहर के गोरखपुर, सदर, विजयनगर, शिवनगर, अधारताल,गढा, एवं संजीवनी नगर सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी कई संदिग्ध युवतियां ग्राहकों की तलाश में घूमती रहती है। यहां के दुकानदार इनसे काफी परेशान हैं। कई दलाल रास्ते चलते राहगीरों से ही सौदेबाजी शुरू कर देते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो बीते करीब 2 साल से शहर में एकाएक इस अनैतिक कार्य में बढोत्तरी हुई है। मसाज पार्लर का कार्य शनिवार व रविवार के दिन अपने परवान पर रहता है। होटलों में इन दो दिनों में अच्छी खासी बुकिंग रहती है।

### पार्ट टाइम जॉब की तरह हो रहा है काम

शहर में पहले चिन्हित बदनाम बस्तियों में ये गोरखधंधा होता था, लेकिन अब इन काम में लगे लोगों ने अपना तरीका बदल लिया है। पुलिस के अनुसार अब यह काम सोशल मीडिया के जरिए किया जा रहा है। इसके अलावा ब्यूटी सैलून और स्पा सेंटरों की आड़ में भी जिस्मफरोशी के अड्डे चल रहे हैं। पुलिस के रिटायर्ड अधिकारी ने बताया कि जबलपुर में करीब 50 से ज्यादा ऐसे स्थान हैं, जहां से पूरा रेकेट सक्रिय है। लड़कियों में नागपुर, मुम्बई के साथ थाइलैंड की भी कुछ लड़कियां सक्रिय हैं।

**फॉर्म ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

**एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी में) के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कॉरपोरेट देनदार का नाम | एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कॉरपोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 13/11/2009 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, ग्वालियर |
| 4 | कॉरपोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | U51109MP2009PTC022634 |
| 5 | कॉरपोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजीकृत कार्यालयः FM-18 मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 7 नंबर स्टॉप शिवाजी नगर, भोपाल, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462016 प्रधान कार्यालयः कैमिवल हाउस, डिंडोशी फायर स्टेशन के पास, जनरल ए. के. वैद्य मार्ग, वेस्टन एक्सप्रेस हाईवे के पास, मलाड ई, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400097 |
| 6 | कॉरपोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि | 03/06/2025 (आदेश की उक्त प्रति 06/06/2025 को प्राप्त हुई थी) |
| 7 | दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के बंद होने की अनुमानित तिथि | 30/11/2025 (दिवालियापन प्रारंभ तिथि से 180 दिन यानी 03/06/2025) |
| 8 | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री सुनीत जगदीशचंद्र शाह पंजीकरण संख्याः आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00471/2017-2018/10814 |
| 9 | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | 801-802, आठवीं मंजिल, अभिजीत-1, भुज मर्कैंटाइल बैंक के सामने, मीठाखली सिक्स रोड्स, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, 380006 ईमेलः sunit78@gmail.com |
| 10 | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | 801-802, आठवीं मंजिल, अभिजीत-1, भुज मर्कैंटाइल बैंक के सामने, मीठाखली सिक्स रोड्स, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, 380006 ईमेलः circ.abcpl@gmail.com |
| 11 | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20/06/2025 (आदेश प्राप्त होने की तारीख से 14वां दिन यानी 06/06/2025) |
| 12 | धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के अंतर्गत लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई हों, जिन्हें अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा सुनिश्चित किया गया है | वर्ग (वर्गों) का नाम बताएंः शून्य |
| 13 | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14 | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | (ए)https://ibbi.gov.in/en/home/downloads (बी) नही |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 03 जून 2025 को एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश की प्रति 06 जून, 2025 को प्राप्त हुई है।
एशियन बिजनेस कनेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों को एतद्द्वारा 20/06/2025 को या उससे पहले प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।
वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फॉर्म सीए में वर्ग [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से

**स्थानः भोपाल**
**दिनांकः 09/06/2025**

**वास्ते/- सुनीत जगदीशचंद्र शाह अंतरिम समाधान पेशेवर**
**रजि. नंबर IBBI/IPA-001/IP-P00471/2017-18/10814**
**AFA नंबर AA1/10814/02/311225/107767**
**31.12.2025 तक वैध**